पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने एसजीपीजीआई में संगोष्ठी ‘होप‘ का उद्घाटन किया

चिकित्सक एवं विशेषज्ञ शोध से कैंसर पर विजय पाने हेतु सस्ता और असरदार इलाज निकाले - राज्यपाल

लखनऊः 12 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित ‘होप‘ संगोष्ठी का उद्घाटन किया। संगोष्ठी में हिमोटो-आंकोलाॅजी प्रैक्टिस एक्सिलेंस विषय पर चर्चा की गई जिसमें निदेशक, डाॅ0 राकेश कपूर, डाॅ0 सोनिया नित्यानंद सहित देश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों से वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं शोधार्थी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे चिकित्सक एवं विशेषज्ञ शोध से कैंसर पर विजय पाने हेतु सस्ता और असरदार इलाज निकाले। रोगी और साथ ही साथ परिवार को विश्वास दिलाना चिकित्सक का काम है। विश्वास एवं इच्छा शक्ति बढ़ाने से दवा ज्यादा कारगर होती है। उन्होंने कहा कि युवा चिकित्सक शोध को आगे ले जाये जिससे मरीजों में विश्वास पैदा हो कि वे जल्द ठीक हो जायेंगे।

श्री नाईक ने बताया कि बीस वर्ष पहले वे स्वयं भी कैंसर रोग से पीड़ित थे। मगर चिकित्सकों की उचित देखरेख एवं विश्वास दिलाने से वें शीघ्र ही ठीक हो गये। उन्होंने कहा कि कैंसर से संबंधित कार्यक्रम में वे स्वयं इसलिए जाते हैं जिससे कैंसर पीड़ित लोगों का विश्वास बढे कि यह रोग लाइलाज नहीं है। उन्होंने प्रशंसा करते हुए यह भी बताया कि प्रदेश में कई स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा मोबाईल कैंसर डिटेक्शन वैन द्वारा कैंसर की प्रारम्भिक जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि संगोष्ठी को ‘होप‘ का नाम दिया जाना सामयिक है और ज्ञान-विज्ञान की दृष्टि से एक-दूसरे को बताने के लिये आयोजन का विषय महत्वपूर्ण है। एसजीपीजाआई का बहुत गौरवशाली इतिहास रहा है इसलिये यहाँ के चिकित्सक संस्थान के अतीत को ध्यान में रखकर काम करें। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रयासों से संस्थान की कीर्ति बढ़ेगी ऐसा उनका विश्वास है।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक, डाॅ0 राकेश कपूर ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा डाॅ0 सोनिया नित्यानंद ने संगोष्ठी के विषय का संक्षिप्त परिचय भी दिया।

HOPE
Hemato-Oncology Practice Excellence
Silver Jubilee Symposium, December 12-13, 2014
Department of Hematology, SGPGI Lucknow
Theme : New horizons in
MDS/Acute Leukemias and
Hematopoietic Stem Cell Transplantation

HOPE
Prof. Rakesh
Chief Guest